भारत सरकार
ग्रामीण विकास मंत्रालय
भूमि संसाधन विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1194**
**दिनांक 30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ**

**वाटरशेड विकास कार्यक्रम**

**1194. डॉ. मन्ना लाल रावतः**

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी) के तहत नई जल संचयन परियोजनाओं को मंजूरी देने का प्रस्ताव है;

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक मंजूरी दिए जाने की संभावना है;

(ग) यदि नहीं, तो वर्षा आधारित क्षेत्रों में प्रत्येक खेत में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने की योजना का ब्यौरा क्या है।

(घ) क्या सरकार के पास उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा और सलूंबर जिलों के लिए कोई विशेष जल संरक्षण परियोजनाएं हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(डा. चन्द्र शेखर पेम्मासानी)**

**(क) से (ङ):** भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, वर्षासिंचित तथा अवक्रमित क्षेत्रों के विकास के लिए वर्ष 2009-10 से एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी) का कार्यान्वयन कर रहा था। तत्पश्चात्, आईडब्ल्यूएमपी को वर्ष 2015-16 में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के रूप में समामेलित किया गया। वाटरशेड परियोजनाओं में किए गए कार्यकलापों में, अन्य बातों के साथ-साथ रिज क्षेत्र निरूपण, जल निकासी लाइन निरूपण, मृदा एवं नमी संरक्षण, वर्षा जल संचयन, नर्सरी लगाना, चारागाह विकास, सम्पत्तिहीन व्यक्तियों के लिए आजीविका आदि शामिल हैं।

भूमि संसाधन विभाग द्वारा वित्तपोषित 6382 परियोजनाओं में से 820 परियोजनाएं राजस्थान में थीं। राजस्थान द्वारा इन परियोजनाओं में से 817 परियोजनाओं के पूरा किए जाने के सूचना प्राप्त हुई है। डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 के लिए परियोजना अवधि 31.03.2022 को पूरी हो चुकी है।

सरकार द्वारा इस योजना को दिनांक 15 दिसंबर, 2021 को डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 रूप में जारी रखने का अनुमोदन किया गया है। डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 के तहत, विभाग ने राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 50.55 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की 1150 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं जिनमें 7.507 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल की राजस्थान को स्वीकृत 149 परियोजनाएं भी शामिल हैं। डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं की परियोजना अवधि मार्च 2026 तक है। सभी स्वीकृत डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

उदयपुर डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा और सलूंबर जिलों में स्वीकृत डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 (पूर्ववर्ती आईडब्ल्यूएमपी) और डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं का परियोजना-वार ब्यौरा क्रमशः **अनुबंध-I** और **अनुबंध-II** में दिया गया है।

जल संसाधन परियोजनाएं, राज्य सरकारों द्वारा अपने संसाधनों एवं प्राथमिकता के अनुसार, योजनाबद्ध, वित्तपोषित, निष्पादित तथा अनुरक्षित की जाती हैं। उनके प्रयासों को पूरा करने के लिए, भारत सरकार, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) अम्ब्रेला स्कीम के तहत वाटरशेड विकास घटक के अलावा, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (एआईबीपी), जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण तथा पुनर्स्थापन (आरआरआऱ), सतही लघु सिंचाई (एसएमआई), हर खेत को पानी (एचकेकेपी) जैसी विभिन्न स्कीमों तथा कार्यक्रमों के माध्यम से जल संसाधनों के सतत् विकास एवं कुशल प्रबंधन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय सूक्ष्म सिंचाई नामतः ड्रिप एंड स्प्रिंकलर इरिगेशन सिस्टम के माध्यम से फार्म स्तर पर जल उपयोग को बेहतर बनाने हेतु देश में वर्ष 2015-16 से ‘प्रति बूंद अधिक फसल’ (पीडीएमसी) का कार्यान्वयन कर रहा है।

*****

अनुबंध I

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1194 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

राजस्थान के उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा और सलूंबर जिलों में भूमि संसाधन विभाग द्वारा वित्तपोषित डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 1.0 (पूर्ववर्ती एकीकृत वाटरशेड प्रबंधन कार्यक्रम (आईडब्ल्यूएमपी)) परियोजनाओं का ब्यौरा

| क्र. सं. | जिला | परियोजना का नाम | ब्लॉक का नाम | स्वीकृत क्षेत्र (हे.) | कुल परियोजना लागत (रु. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बांसवाड़ा | बांसवाड़ा-आईडब्ल्यूएमपी-1/2009-10 | कुशलगढ़ | 5529 | 663.48 |
| 2 | बांसवाड़ा | बांसवाड़ा-आईडब्ल्यूएमपी -2/2009-10 | छोटी सरवन, पीपल खूंट (प्रतापगढ़) | 8537 | 1024.44 |
| 3 | बांसवाड़ा | बांसवाड़ा-आईडबल्यूएमपी -3/2010-11 | कुशलगढ़ | 5721.7 | 686.604 |
| 4 | बांसवाड़ा | बांसवाड़ा-आईडब्ल्यूएमपी -4/2010-11 | छोटी सरवन | 3760 | 451.2 |
| 5 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -1/2009-10 | बिछीवाड़ा | 4696 | 563.52 |
| 6 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -2/2009-10 | सीमलवाड़ा | 4764 | 571.68 |
| 7 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -3/2010-11 | आसपुर | 5799 | 695.88 |
| 8 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -4/2010-11 | सागवाड़ा | 4591 | 550.92 |
| 9 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -5/2010-11 | डूंगरपुर | 5310 | 637.2 |
| 10 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -6/2011-12 | सीमलवाड़ा | 5365 | 643.8 |
| 11 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -7/2011-12 | बिछीवाड़ा | 6635 | 796.2 |
| 12 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -8/2012-13 | आसपुर | 6302 | 756.24 |
| 13 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -9/2012-13 | डूंगरपुर | 6219 | 746.28 |
| 14 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -10/2012-13 | डूंगरपुर, सागवाड़ा | 6790 | 814.8 |
| 15 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -11/2012-13 | बिछीवाड़ा | 4992 | 599.04 |
| 16 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -12/2012-13 | सीमलवाड़ा | 4749 | 569.88 |
| 17 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -13/2013-14 | सागवाड़ा | 6053 | 726.36 |
| 18 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -14/2013-14 | सीमलवाड़ा | 5555 | 666.6 |
| 19 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -16/2013-14 | डूंगरपुर | 6095 | 731.4 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 20 | डूंगरपुर | डूंगरपुर - आईडब्ल्यूएमपी -17/2013-14 | आसपुर | 6106 | 732.72 |
| 21 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -1/2009-10 | प्रतापगढ़ | 5247 | 629.64 |
| 22 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -2/2010-11 | पीपल खूंट | 5901 | 708.12 |
| 23 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -3/2011-12 | अरनोद | 5697 | 683.64 |
| 24 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -4/2011-12 | प्रतापगढ़ | 2444 | 293.28 |
| 25 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -5/2011-12 | छोटी सादड़ी | 3636 | 436.32 |
| 26 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -6/2011-12 | पीपल खूंट | 6532 | 783.84 |
| 27 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -7/2012-13 | प्रतापगढ़ | 5925 | 711 |
| 28 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -8/2012-13 | प्रतापगढ़ | 4460 | 535.2 |
| 29 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -9/2012-13 | अरनोद | 7645 | 917.4 |
| 30 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडबल्यूएमपी -10/2012-13 | अरनोद | 6034 | 724.08 |
| 31 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -11/2012-13 | छोटी सादड़ी | 5472 | 656.64 |
| 32 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- आईडब्ल्यूएमपी -12/2012-13 | छोटी सादड़ी | 5935 | 712.2 |
| 33 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -1/2009-10 | सरदा, गिरवा | 5818 | 698.16 |
| 34 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -2/2009-10 | सरदा | 5014 | 601.68 |
| 35 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -3/2009-10 | गोगुन्दा | 5239 | 785.85 |
| 36 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -4/2010-11 | कोटरा | 5510 | 661.2 |
| 37 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -5/2010-11 | खेरवाड़ा | 5538 | 664.56 |
| 38 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -6/2010-11 | सलूंबर | 5026 | 603.12 |
| 39 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -7/2010-11 | लसाडिया | 5802 | 696.24 |
| 40 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -8/2011-12 | झाड़ोल | 5836 | 700.32 |
| 41 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -9/2011-12 | भीण्डर | 4937 | 592.44 |
| 42 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -10/2011-12 | मावली | 5100 | 612 |
| 43 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -11/2011-12 | बड़गाँव | 4000 | 480 |
| 44 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -12/2011-12 | सलूंबर | 4251 | 510.12 |
| 45 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -13/2012-13 | गिरवा | 5600 | 672 |
| 46 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -14/2012-13 | सरदा | 5178 | 621.36 |
| 47 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -15/2012-13 | गोगुन्दा | 4053 | 486.36 |
| 48 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -16/2012-13 | कोटरा | 3750 | 450 |
| 49 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -17/2012-13 | खेरवाड़ा | 4170 | 500.4 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 50 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -18/2012-13 | खेरवाड़ा | 3700 | 444 |
| 51 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -19/2012-13 | सलूंबर | 4852 | 582.24 |
| 52 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -20/2012-13 | लसाडिया | 4585 | 550.2 |
| 53 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -21/2012-13 | झाड़ोल | 3700 | 444 |
| 54 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -22/2012-13 | भीण्डर | 5388 | 646.56 |
| 55 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -23/2012-13 | मावली | 5354 | 642.48 |
| 56 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -24/2012-13 | बड़गाँव | 2123 | 254.76 |
| 57 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -26/2013-14 | कोटरा | 5205 | 624.6 |
| 58 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -27/2013-14 | गिरवा | 6490 | 778.8 |
| 59 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -28/2013-14 | सरदा | 4715 | 565.8 |
| 60 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -29/2013-14 | गोगुन्दा | 4209 | 505.08 |
| 61 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -30/2013-14 | सलूंबर | 6043 | 725.16 |
| 62 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -31/2013-14 | लसाडिया | 4500 | 540 |
| 63 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -32/2013-14 | भीण्डर | 4269 | 512.28 |
| 64 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -34/2013-14 | बड़गाँव | 3657 | 438.84 |
| 65 | उदयपुर | उदयपुर - आईडब्ल्यूएमपी -35/2013-14 | झाड़ोल | 5452 | 654.24 |

**नोट: सलूंबर जिला दिनांक 7 अगस्त, 2023 को पूर्ववर्ती उदयपुर जिले से अलग करके बनाया गया है।**

**अनुबंध II**

**लोक सभा में दिनांक 30.07.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 1194 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

राजस्थान के उदयपुर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, बांसवाड़ा और सलूंबर जिलों में स्वीकृत डबल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई 2.0 परियोजनाओं का ब्यौरा

| **क्र.सं.** | **जिला** | **परियोजना का नाम** | **ब्लाक का नाम** | **स्वीकृत क्षेत्र (हे.)** | **कुल परियोजना लागत (रु. लाख में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डूंगरपुर | डूंगरपुर -डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | आसपुर | 3999 | 879.78 |
| 2 | | डूंगरपुर -डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | सबला | 4012 | 882.64 |
| 3 | प्रतापगढ़ | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | अरनोद | 3446 | 758.12 |
| 4 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | छोटी सादड़ी | 4372 | 961.84 |
| 5 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | छोटी सादड़ी | 4982 | 1096.04 |
| 6 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | दलोट | 7452 | 1639.44 |
| 7 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | धमोत्तर | 5335 | 1173.7 |
| 8 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | धरियावद | 5331 | 1172.82 |
| 9 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | पीपलखूंट | 4348 | 956.56 |
| 10 | | प्रतापगढ़- डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | सुहागपुरा | 3331 | 732.82 |
| 11 | उदयपुर | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 1 /2021-22 | भीण्डर | 7006 | 1541.32 |
| 12 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 2 /2021-22 | जयसमंद | 4837 | 1064.14 |
| 13 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 4 /2021-22 | कोटरा | 4320 | 950.4 |
| 14 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 5 /2021-22 | कुराबड़ | 3750 | 825 |
| 15 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 6 /2021-22 | नयागांव | 4782 | 1052.04 |
| 16 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 7 /2021-22 | ऋषभदेव | 3407 | 749.54 |
| 17 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 9 /2021-22 | वल्लभनगर | 5222 | 1148.84 |
| 18 | सलूंबर | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 3 /2021-22 | झालरा | 6075 | 1336.5 |
| 19 | | उदयपुर - डब्ल्यूडीसी - 8 /2021-22 | सलूंबर | 5211 | 1146.42 |
| 20 | बांसवाड़ा | किसी भी परियोजना का कार्यान्वयन नहीं किया जा रहा है। | | | |